Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18-02-2022 | अंक 145

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने की रूपेश की माँ की स्वास्थ्य जांच, मेडिकल टीम गठित



स्वास्थ्य जांच करते डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रूपेश पांडेय की हत्या के दूसरे दिन से ही रूपेश की मां उर्मिला देवी अनशन पर बैठी है। जिसके कारण उनकी स्वास्थ्य में गिरावट आ रही है। शुक्रवार को डीएस डॉ० प्रकाश ज्ञानी ने अपनी मेडिकल टीम के साथ अनशन पर बैठी उर्मिला देवी की स्वास्थ्य की जांच की ।मौके पर परिजनों ने बताया कि रूपेश की मां पहले भी और इधर दो दिनों से एक भी दाना तो दूर एक बूंद पानी भी नही पी है। 11 वीं एवं 12 वीं श्राद्ध कार्यक्रम में भी उपवास रखने की परंपरा है। जिसके कारण उनके सेहत में गिरावट आ रही है। हालांकि डॉ प्रकाश ज्ञानी ने उनके लिए एनर्जी बुस्टप ड्रिंक पैक भी लेकर गए। लेकिन उपवास के कारण उसे नही पिलाया जा सका। डॉ प्रकाश ज्ञानी ने स्वास्थ्य जांच कर बताया कि बीपी थोड़ी लो हो गई है। इन्हें खाना या इनर्जी ड्रिंक पिलाना होगा ।परिवारजनों को समझा दिया गया है कि उन्हें थोड़ा थोड़ा खाना खिलाएं। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मेरे अलावे एक मेडिकल टीम भी गठित की गई है। जो लगातार उनके स्वास्थ्य की जांच कर इलाज करेंगे। इसमे ड० अमन कुमार एवं ड० संतोष कुमार को शामिल किया गया है। जांच के समय मौके पर डॉ प्रकाश ज्ञानी के साथ साथ पंकज कुमार आज़ाद, नरेश कुमार भी मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष के सन्देशों को लेकर पीड़ित परिवार से मिलने नाईटांड पहुँचे सदर विधायक व पूर्व विधायक मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दिवंगत रूपेश पाण्डेय के परिवार से मिलने बरही आ रहे प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को हजारीबाग पुलिस ने चरही के आसपास रोक दिया गया। सुरक्षा कारणों का हवाला देकर प्रदेश अध्यक्ष को वापस राँची भेजे जाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने पीडीत परिवार तक अपना संदेश सदर विधायक मनीष जायसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के द्वारा भेजवाया। दोनो नेताओ ने पीडीत परिवार सांत्वना देते हुए कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष सहित पूरा भाजपा परिवार आपके साथ है। कहा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि जबतक दिवंगत रूपेश पांडेय को न्याय नही मिल जाता तब तक भाजपा पूरे राज्य में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करेगी। नाईटांड पहुँचे सदर विधायक व बरही के पूर्व विधायक ने दिवंगत रूपेश के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। रूपेश के माता को ढांढस बँधाया और न्याय दिलाने तक सहयोग की बात कही। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सदर विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर सहित अन्य। तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है हेमन्त सरकार : मनीष जायसवाल

पत्रकारों को संबोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा की हेमन्त की सरकार तुष्टिकरण को राजनीति कर रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि कपिल मिश्रा कोई आतंकवादी नही थे और न ही हमारे प्रदेश अध्यक्ष कोई अपराधी। मात्रा तीन लोगों के साथ पीडीत परिवार को हिम्मत देने आ रहे प्रदेश अध्यक्ष रोका जाना निंदनीय है। आगामी विधानसभा सत्र में राज्य सरकार को इसका जवाब देना होगा। भाजपा नेताओं को रोकना व सत्ता दल के मंत्री को अनुमति देने, लोकतंत्र की हत्या : मनोज यादव

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पुलिस प्रसाशन राज्य सरकार के इशारे पर कार्य कर रही है। भाजपा नेता कपिल मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश को पीड़ित परिवार से नही मिलने दिया गया जबकि धारा 144 लगाए जाने के बाद भी राज्य के मंत्रियो को आने की अनुमति देने लोकतंत्र की हत्या है। एक सवाल के जवाब में पूर्व विधायक ने कहा कि पुलिस पीडीत परिवार को न्याय दिलाने के लिए भीड़ का हिस्सा बने कई निर्दोष लोगों पर मामला दर्ज किया गया है जो निंदनीय है।

## झारखंड राज्य काँग्रेस के युवा प्रदेशाध्यक्ष अभिजीत राज पहुँचे बरही, काँग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड राज्य काँग्रेस के युवा प्रदेशाध्यक्ष अभिजीत राज, युवा काँग्रेस नेता रियाज अहमद शुक्रवार को बरही पहुँचे। वही संगठन बनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि बहुत जल्द युवा काँग्रेस के द्वारा बरही विधानसभा में युवाओ के लिए एक मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। वहीं प्रदेशाध्यक्ष ने बरही विधानसभा के युवाओ से अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा युवा कांग्रेस से जुड़े और अपने पंचायत एवं प्रखंड में आगे आकर ला. `गो के समाज हित के लिए संघर्ष करे। मौके पर बरही विधानसभा के युवा अध्यक्ष मनोहर यादव एवं काँग्रेस युवा प्रखंड़ अध्यक्ष अमित जयसवाल मौजूद थे।

## हमारे जीवन का अभिन्न और अहम हिस्सा है डिजिटल बैकिंग:सुजीत नायक

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




कोडरमा जिला के चंदवारा प्रखंड के मदनगुंडी, पथलगड्डा, भोंडो व पि. पराडीह पंचायत में भारतीय रिजर्व बैंक के नेतृत्व में स्वधार फिन एक्सेस के द्वारा 14-18 फरवरी तक चलने वाले साप्ताहिक ष्गो डिजिटल, गो सिक्योरष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे मनीवाइज सेंटर के द्वारा कार्यक्रम मे प्रशिक्षक सुजीत नायक ने आर्थिक शिक्षा का प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि आज शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे डिजिटल पेंमेंट, आनलाइन का लाभ ले रहे है और गलती भी कर रहे है ।जिससे आहे बगाहे साइबर क्राइम के द्वारा लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं ।इसी ची. जों को लेकर आरबीआई के तत्वावधान में स्वाधार फिन एक्सेस के माध्यम से बैंक से जुडी गति. विधियों के बारे जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम मे मुख्य रुप से डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के साथ साथ इसकी सुरक्षा के बारे मे जानक. ारी दिया गया। ज्ञात हो कि स्वधार फिन एक्सेस झारखंड के 40 वित्तीय साक्षरता केंद्र के माध्यम से बैंकों और सरकार द्वारा उपलब्ध सेवाओं को हर गाँव के घर घर तक पहचाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप मे ग्राम प्रधान पिपराडीह धीरज कुमार ने कहा कि आज डिजिटल के दौर में हम सबों का समय बच रहा है। उन्होंने कहा है कि आज डिजिटल हम सबों के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। इसके बावजूद हमें डिजिटल दुनियां से सतर्क रहने की आवश्यकताहै। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम कराना एक सराहनीय कार्य है। उनकी जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। कार्यक्रम में नकुल कुमार, लालदेव साव, भुनेश्वर पंडित, खुबलाल कुमार, मोनिका कुमारी, डेगलाल कुमार, वासुदेव साव, सुखदेव कुमार, भुवनेश्वर साव, जमुनिया देवी, गायत्री देवी, लीलावती देवी पूनम देवी, मृजु देवी सुरेश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में एक को जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पिछले 12 फरवरी को एक समुदाय विशेष का धर्मिक झंडा जला कर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के मामले में बरही पुलिस ने धोबीटोला निवासी अंकित केशरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि 12 फरवरी को कैंडल मार्च के बहाने कुछ लोगो ने धर्मिक झंडा को जला कर खुद शोशल मीडिया में पोस्ट किया था। रूपेश हत्याकांड के बाद जो घटना घटी। जुसमे अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

जवाहर घाटी के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने ने बाइक सवार मुन्ना कुमार (35) पिता अर्जुन महतो कोरियाडीह निवासी घायल हो गए। उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ समाचार लिखे जाने तक इलाज चल रहा था। वे तिलैया डैम से बरही आ रहे थे।



APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## भाकपा माले एवं अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गावां प्रखंड अंतर्गत गदर पंचायत के ग्राम खेशनरो में भाकपा माले एवं अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय यादव एवं संचालन अयोध्या यादव ने किया। इस बैठक में सदस्यता अभियान, जिला कार्यकरता सम्मेलन, पार्टी सदस्यों का नवीनीकरण, रेनुवल मुद्दों पर चर्चा की गई। भाजपा सां. प्रदायिक ध्रुवीकरण करके सत्ता में बने रहने का प्रयास कर रही हैं : सकलदेव यादव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव नें कहा की मोदी सरकार ने सारी सरकारी संस्था को निजी हाथों में सौंप कर जिम्मेदारी से हाथ झाड़ना चाह रही है। भाजपा सरकार तानाशाह हो चुकी है और अपनी बुनियादी सुविधाओं व अन्याय के खिलाफ बात करने वाली जनता की आवाज को दबाना चाहती है।लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।साथ ही कहा की हेमंत सरकार भी जिस वादे के साथ सत्ता में आई थी उस वादे को पूरा नहीं कर पाई है और जो लोग मजदूर किसानों की लड़ाई लड़ते हैं उन लोगों पर झूठा मुकदमा कर फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा की भाजपा ने किसानों पर अत्याचार किया हैं,शीघ्र ही प्रखंणड वा जिला स्तर पर किसान सम्मेल आयोजित कर भाजपा की किसान विरोधी नीतियों का भंडाफोड़ किया जयगा। भा. जपा सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करके सत्ता में पुनहा आने का प्रयास कर रही हैं। मौके पवन कुमार,मदन यादव,पप्पू कुमार,सुनील कुमार,सुरेश यादव,शिवमंगल यादव,रमेश कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एएनएम व सहिया को एचआईवी एड्स पर दी गई जानकारी




**अपेम लाइव : मरकच्चो**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वाधान में ट्राई इंडिया संस्था के द्वारा मरकच्चो प्रखंड के एएनएम तथा सहिया दीदी के बीच बेसिक अ०फ एचआईवी एंड इलीमिनेशन अ०फ मदर टू चाइल्ड ट्रांसमिशन अ०फ एचआइवी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रदीप बैठा मौजूद थे। इस दौरान ट्राई इंडिया संस्था के मास्टर ट्रेनर धीरज कुमार ने उपस्थित एएनएम तथा सहिया दीदी को एचआइ. ंवी एड्स से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही उन्होंने एड्स से बचने तथा एड्स संक्रमित महिलाओं से होने वाले बच्चे को उनके खतरे से बचाने की तमाम जानक. ारी दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एड्स से बचने के लिए समाज में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना हम सबों की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर सहिया दीदी गर्भवती मं. हलाओं को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित करने तथा एड्स संक्रमित महिलाओं की जांच कर एआरटी सेंटर में काउंसलिंग कराएं। उन्होंने बताया कि संक्रमित मां से उतपन्न बच्चे को एड्स से बचाया जा सकता है। मौके पर एएनएम कविता कुमारी, रीता कुमारी, सविता कुमारी, मंजू कुमारी, इंदिरा कुमारी, दिव्या गुलाब एक्का, सीमा कुमारी, शकुंतला कुमारी, संध्या कुमारी, बबीता कुमारी, सहिया चांदनी देवी, अनिता देवी, शबनम देवी, रौशन खातून, अंजुम खातून, हाजरा खातून, मुनिया देवी, सरिता देवी, रेखा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## मशहूर तबलावादक शंभूदयाल केडिया ने किया बाबा टेक्सटाइल का उदघाटन




**अपेम लाइव पचंबा**
**बजरंगी माहतो**

आज काली बाड़ी चौक के पास बाबा टेक्सटाइल नामक नए प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन मशहूर तबलावादक शंभूदयाल केडिया ने किया। बाबा टेक्सटाइल के संचालक हर्षित केडिया ने बताया कि उनके इस नए और आकर्षक प्रतिष्ठान में नामी गिरामी कम्पनियों के ब्रांडेड लहंगा, सूट, शेरवानी, सूटिंग सर्टिंग, जींस, साड़ी इत्यादि उचित कीमत पर उपल्ब्ध है। ग्राहकों को उचित कीमत पर अच्छी कंपनियों के बनाएं परिधान मिले इस बात पर विशेष ध्यान रखा जायेगा। गिरिडीह के बडा चौक में शंभू वस्त्रालय, बाबा वस्त्रालय के माध्यम से हमारे दादा जी शंभूदयाल केडिया लगातार 65वर्षो से सेवा दे रहे हैं जो कि अपने आप में एक मिशाल है।






दिनांकः 18-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## मुआवजा दिए बिना ही कंपनी पेड़ों पर कर रही है डंप



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चुरचू में एनटीपीसी के द्वारा विस्थापन का कार्य किया जा रहा है। विस्थापन कार्य इन दिनों जोरों पर है। कंपनी के द्वारा अधिकृत भूमि पर मलवा डंप किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी बिना पेड़ों का मुआवजा दिए उसे मलबे में ढक रही है। चुरचू निवासी प्रेमचंद साव ने बताया कि मुझे मेरे कुएं का मुआवजा दिए बगैर ही कुआं को भर दिया गया है। थि. वेणी सैनिक के अपर महाप्र. बंधक अरविंद देव ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत कई रैयत का मुआवजा भुगतान कर दिया गया है।कुछ लोग जानबूझकर पेपर जमा नहीं किए हैं । उन्हें चाह कर भी मुआवजा नहीं दिया जा सकता है। वहीं बड़कागांव रेंजर छोटे लाल साहू से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि डंप किया जा रहा भूमि वन क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आता है,लेकिन कंपनी का यह दायित्व भी बनता है कि पेड़ का मुआवजा देकर पेड़ को कटवा कर ही वह भूमि पर डंप किया जाए। जिंदा पेड़ को डंप नहीं किया जा सकता है।

## आदित्य प्रजापति की मां का निधन पर शमशान घाट सेवा समिति ने लकड़ी का सहयोग किया।



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव श्मशान घाट सेवा समिति के सौजन्य से शुक्रवार को आदित्य प्रजापति की मां 75 वर्षीय पार्वती देवी को अग्नि संस्कार के लिए समिति ने लकड़ी का सहयोग किया। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बड़कागांव में आए दिन मुर्दा को जलाने कि लकड़ी की व्यवस्था नहीं हो पाती है। वैसे परिजन को श्मशान घाट सेवा समिति के सौजन्य से लकड़ी मुहैया कराया जाएगा। आगे बताया कि बड़कागांव में श्मशान घाट का सुंदरीकरण किया जाएगा। पार्वती देवी के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया एवं शोक व्यक्त किया।

मौके पर दिनेश कुमार सिन्हा ,सुरेंद्र कुमार, संजय तिवारी ,संदीप कुशवाहा ,वीरेंद्र महतो, मीनू महतो , सहेस कुमार, बैजनाथ महतो ,पूर्व मुखिया विशुन रजक, शशी बागे, शशि सोनी, रवी जयसवाल, अभिषेक कुमार, निरंजन सोनी ,सुभाष सिंह ,यशवंत सिंह ,पिंटू गुप्ता ,प्रवीण मेहता , अशोक महतो ,रवि राम, सुबोध जयसवाल ,अमल कुमार विश्वास ,रामधनी विश्वकर्मा ,मनजीत सोनी ,संजय गुप्ता ,पिंटू गुप्ता, बृजेश सोनी ,विकास चौरसिया के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने बलोदर गांव के ग्रामीणों के बीच बांटे कंबल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

अदाणी फाउंडेशन की ओर से बलोदर गांव में सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद 250 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। कंबल का वितरण अदानी के अधिकारियों के हाथों जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया ।कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। अदानी फॉउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में फाउंडेशन की ओर से निरंतर सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत फाउंडेशन सामाजिक कार्य करती रहेगी । पिछले एक माह से कंबल वितरण कार्यक्रम चल रहा है अब तक लगभग 1000 कंबल का वितरण किया जा चुका है।



## सोनाली ऑटोमोबाइल के द्वारा ग्राहक मिलन समारोह एवं सर्विस कैंप का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव के पंकरी बरवाडीह स्थित मेगालिथ में सोनाली ऑटोमोबाइल पालिका मार्केट हजारीबाग के द्वारा दो दिवसीय ग्राहक मिलन समारोह एवं सर्विस कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 100 से अधिक पुराने ग्राहक अपने ट्रैक्टर के साथ हिस्सा लिए। साथ ही 50 से अधिक ट्रैक्टरों को सर्विसिंग भी मुहैया कराई गई। कार्यक्रम में पुराने किसानों को ट्रैक्टर के बारे में रखरखाव की जानकारी दी गई। सोनाली का पावर ट्रेक कि नई पावर ट्रक हाउस सीरीज ल०न्च की गई। कार्यक्रम में नए ग्राहक को पावर ट्रैक की चाबी देते हुए 32



इंच एलइडी टीवी गिफ्ट की गई। सोनाली आटोमोबाइल आरएसएम जयवर्धन ने बताया कि यह कार्यक्रम पुराने ग्राहक. ोंउ से जुड़ने की मुहिम है। मौके पर मुख्य रूप से आरबीएम सनी कनेजा, आरएसएम (झारखंड और साउथ बिहार) जयवर्धन, एबीएम उमेश चौधरी एवं डीलर अभिषेक कुमार के अलावा सोनाली ऑटोमोबाइल के कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## रैयतों को प्रभा एनर्जी ने मुआवजा भुगतान किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के नापोखुर्द पंचायत में नापोकलां के ग्राम नागदेवतरी गांव में ओएनजीसी के संयुक्त कंपनी प्रभा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा वेल एन.के.डी.-47 काम चल रहा था। मुआवजा मांग को लेकर रैयतों के द्वारा प्लांट ताला जड़ा गया था ।तब जाकर कंपनी के अधिकारी अमीत सिंह ने रैयतों से शुक्रवार तक मुआवजा भुगतान करने का समय लियें थें। लेकिन ससमय रहते हुए रैयतों को गुरुवार को मुआवजा भुगतान कर दिया गया। जिससे रैयतों में खुशी का माहौल और आंदोलन स्वेच्छा से उठाया।



प्लांट में ताला जड़ें जाने से लगभग ढाई से तीन दिन काम बंद रहा। जिससे कंपनी को लाखों का नुकसान हुआ ।तब जाकर कंपनी हरकत में आया। और रैयतों के मांगों को पूरा किया तथा कुछ बची हुई मांग को प्रकिया के तहत अन्य मांग को पूरा कर लिया जाएगा।

## दनुवा घाटी में सड़क दुर्घटना, दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर, उपचालक कि मौत

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

दनुवा घाटी में हुए सड़क दुर्घटना में उपचालक कि मौत हो गया वही दो अन्य लोग घायल हो गए। जिसे स्थानीय युवकों के सहायता से सामुदायिक अस्पताल चौपारण ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलो को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि दनुवा घाटी में विपरीत दिशा से आ रहे दो ट्रकों में जा. ेरदार टक्कर हो गया। घायल की पहचान ट्रक चालक अफसर पठान 50 वर्ष पिता अब्दुल बेग मुजफ्फरनगर, यूपी के रूप में हुई। वही मृतक की पहचान सलमान अंसारी 21 वर्ष (खलासी)



मुजफ्फरनगर, यूपी के रूप में हुई। दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। घायल चालक ने बताया कि ट्रक संख्या यूपी 15 डिटी 1478 में लोहा लोड कर कोटद्वार यूपी जा रहा था। इसी बीच दनुवा घाटी के पास सामने से तेजी से आ रहा एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गया। वहीं दूसरे ट्रक में घायल चालक फरार हो गया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने बताया कि घटना के बाद सड़क को वन वे कर दिया गया है ताकि आवागमन बाधित न हो और शव को कब्जे में कर आगे की कार्रवाई की जा रही है



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## नयाटांड पंचायत भवन में पांच दिवसीय मशरूम/खुखरी उत्पादन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के राज्य चलत उद्यान विभाग योजना अंतर्गत टीआरसीएससी के तत्वधान में बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड़ पंचायत भवन में पांच दिवसीय मशरूम/खुखरी उत्पादन प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया शिविर समापन के अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र एवं मशरूम उत्पादन के लिए विधि संगत बताई गई बीज सहित एक-एक पोटली का भी वितरण किया गया। प्रमाण पत्र एवं मशरूम उत्पादन पोटली का वितरण मुखिया अशोक महतो एवं पंचायत समिति सदस्य हेमंत महतो के हाथों की गई। प्रशिक्षण का शुरुआत 14 फरवरी को की गई थी जिसमें 34 प्रशिक्षुओं ने 5 दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त कर मशरूम) खुखरी उत्पादन की विधि की जानकारी ली । प्रशिक्षण का नेतृत्व बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के उद्यान मित्र सनीत कुमार महतो ने किया, जबकि शिविर में प्रशिक्षक देवाशीष कुमार थे। प्रमाण पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया अशोक महतो ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है इसी कड़ी के तहत गांव की महिलाओं को मशरूम/ खुखरी उत्पादन से जुड़ने के लिए उक्त प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया है। वहीं उद्यान मित्र सुनित कुमार महतो ने कहा कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा झारखंड के सभी प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से ग्रामीण महिलाओं को कई प्रकार की योजनाएं चलाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही है, जिसका अधिक से अधिक लाभ लेने की आवश्यकता है। प्रशिक्षक देवाशीष कुमार ने 5 दिन के दौरान दिए गए प्रशिक्षण का सारांश बताते हुए कहा कि भारत में मुख्य सब्जी आलू है। जबकि विश्व के अधिकांश देशों में मुख्य सब्जी मशरूम है। आलू की सब्जी जमीन के बगैर नहीं हो सकता है। जबकि मशरूम की खेती घर के छत से लेकर कमरा, कोना, छज्जा या किसी भी स्थान पर किया जाता है। इसलिए भारत में भी मुख्य सब्जी के रूप में मशरूम को लाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार इस पर अधिकतर जोर दे रही है। यही कारण है कि मुख्य रूप से महिलाओं को इसका प्रशिक्षण देकर देश में मशरूम की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित की गई है, ताकि मुख्य सब्जी के अलावा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता बनाया जा सके। विश्व में अब तक 3.50 लाख रुपए प्रति किलो की दर से मशरूम की बिक्री का रिक०र्ड पहुंच चुका है। यही कारण है कि आज मशरूम की खेती पर पूरा विश्व का अग्रणी भूमिका होती जा रही है। प्रशिक्षण में 25 - 26 दिन से लेकर 10- 10 दिन के अंतराल में 60 दिन तक मशरूम की खेती उत्पादन होने की प्रशिक्षण को विधि बताई गई। 5 दिन के शिविर में करुणा देवी, बबीता कुमारी, यशोदा देवी, पूनम देवी, रूबी देवी, आशा कुमारी, कुंवर महतो, संजू कुमारी, रेनू देवी, राखी देवी, रूबी देवी, मंजू देवी, मालती देवी, सविता नायक, किरण कुमारी, सहित अन्य महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## 5 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट

### राजपुर पुलिस का माफियाओं पर नकेल का बढ़ते कदम

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के कोल्हैया पंचायत अंतर्गत कोटाप के जंगल मे शुक्रवार को पुलिस और वन विभाग के टीम ने अभियान चलाकर लगभग 5 एकड़ में लगे पोस्ते की फसल को नष्ट कर दिया। जिस इलाके में पोस्ते की फसल लगी थी वह अतिनक्सल प्रभावित है और जंगलों से घिरा हुआ है। पोस्ते से अफीम तैयार करने के शामिल गिरोह ने वन भूमि पर फसल को लगाया था। अभियान का नेतृत्व राजपुर थाना प्रभारी विकाश पासवान कर रहे थे।अभियान के दौरान फसल लगाने वाले फरार हो गए।आपकों बता दे की अब क्षेत्र में पोस्ता की फूल से अफीम तैयार करने की तैयार करने की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। पोस्ते के फसल को लेकर पुलिस ने पहले भी जागरूक अभियान चलाया था उसके बावजूद भी तस्करों पकेर कोई प्रभाव नहीं पड़ा अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि को भी शामिल किया था।बावजूद खेती लगातार जारी है। इस अभियान में थाना प्रभारी विकास पासवान स0अ0नि0 राजेश शर्मा, वीरेंद्र ठाकुर सशस्त्र बल सैट 81 के जवान शामिल थे इसके अलावे कन्हाचट्टी ब्ल०क के कृषि पदाधिकारी नवीन तिर्की साथ वन विभाग के वनरक्षक नरेश कुमार मनीष कुमार शामिल थे।

## दलित युवक को फोन पर गोली मारने की धमकी, ऑडियो वायरल

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

बरवाडीह निवासी अजीत रजक ने बसरिया निवासी कृष्णा कसेरा पर फोन पर गाली गलौज करने, गोली से मारने व जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया। इस पूरे मामले का एक ऑडियो वाइरल हो रहा है जिसमे स्पस्ट रूप से पीड़ित अनुज को फोन पर गोली मारने की धमकी दिया जा रहा । चौपारण थाना में दिए आवेदन में अजीत ने बताया कि बसरिया में मेरा सीमेंट का खुदरा दुकान है। 18 फरवरी को सुबह अपने किसी ग्राहक को चौपारण स्थित सिमेन्ट डीलर म० भवानी ट्रेडर्स से सीमेंट मंगवा कर दे रहा था। इस बिच अचानक कृष्णा कशेरा पिता स्व गोवर्धन कशेरा बसरिया का ही रहने वाला आकर एका एक जाति सुचक शब्द सम्बोधित करते हुवे गाली-गलॉज कर मार-पीट करने लगा तथा काउन्टर में लात मारते हुवे काउन्टर से 50,000/-रु0 पचास हजार रुपया निकाल लिया और यह धमकी भी दिये कि शाला तुमको इतना गोली मारेगें कि कोई गिन नहीं सकेगा। जिसका रिकॉर्डिंग मोबाईल है। पीडीत ने बताया कि इस दौरान कृष्णा कसेरा ने कई बार जातिसूचक शब्द कहकर गाली गलौज किया। पीड़ित ने पुलिस प्रसाशन से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियो पर कार्यवाई करने का माँग किया।

## माली से शनिवार को सभी मजदूरों की हो जाएगी वापसी

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



भारत वापसी के लिए माली स्थित दूतावास के अधिकारियों के साथ मजदूर

अफ्रीकी देश माली मे फंसे 33 मजदूरों की क्रमवार वापसी के चौथे समूह में शेष दस मजदूर शनिवार को अपने घर लौट जाएंगे। इसके पूर्व तीन जत्थों में क्रमशः छह, सात तथा दस मजदूरों की वापसी हो चुकी है। शनिवार को लौटने वाले मजदूरों में विष्णुगढ़ प्रखंड के मड़मो निवासी मोहन महतो, नरकी निवासी भेखलाल महतो, फाराचांच के हेमलाल महतो, उच्चाघाना के रूपलाल महतो, बंदखारो के टुकेश्वर महतो, बरकट्ठा प्रखंड के गारहर निवासी सुकर महतो, चुरचू प्रखंड के बांदा निवासी मनोज महतो, बगोदर प्रखंड के ढ़िबरा निवासी टिकेश्वर महतो, परतापुर के कुंजलाल महतो तथा तिरला के शंकर महतो शामिल हैं। सभी मजदूर शनिवार दोपहर 12.45 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उतरेंगे। बता दें कि हजारीबाग, गिरिडीह तथा बोकारो जिला के विभिन्न प्रखंडों के 33 मजदूर ट्रांसमिशन लाइन का काम करने माली गए थे। वे केएंडपी कंपनी में शिकासो से बमाको के बीच ट्रांसमिशन लाइन के इलेक्ट्रिफिकेशन काम में जुटे थे। आठ महीने काम की सैलरी मिलने के बाद आगे साढ़े तीन माह की सैलरी नहीं मिलने से मजदूर परेशानी में थे। मजदूरों द्वारा सोशल मीडिया के जरिए उठाए गए आवाज से परेशानी को समझते हुए राज्य सरकार एवं भारत सरकार के संयुक्त प्रयासों से माली स्थित भारतीय दूतावास की मध्यस्थता में समझौता कराया गया। जिसमें कंपनी प्रबंधन एवं मजदूरों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस समझौते से मजदूरों को सैलरी भी मिली और सभी की वतन वापसी भी सुनिश्चित कराई गई।

## ट्रांसमिशन हादसे का शिकार हुए मजदूर के आश्रितों को दी मदद

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में ट्रांसमिशन हादसे का शिकार हुए विष्णुगढ़ के गोविन्दपुर निवासी चार मजदूरों की मौत के बाद आजसू के मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। सभी के परिजनों से मिलकर उन्होंने ढ़ांढ़स बंधाया। आश्रितों को आर्थिक समेत अन्य सहयोग देकर मदद की। इसके अलावा अनाथ हुए बच्चों के शिक्षा का भी भार लिया। वहीं, कंपनी से उचित मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया। कहा कि हादसे के बाद आज तक सांसद, विधायक समेत अन्य किसी जनप्रतिनिधि न उनके घर गए और न पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। क्षेत्र के लोगों के लिए यह अफसोसजनक है। कहा कि क्षेत्र में रोजगार का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण काफी संख्या में लोग पलायन करते हैं। सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस पर पहल करनी चाहिए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, गौतम वर्मा, महादेव महतो, मुखिया कैलाश महतो, अनिल बेदिया, संतोष कुमार, अशोक कुमार, रवि कुमार, विनोद भुईयां, राजेश महतो, करण कुमार मिर्धा, माही कुमार साव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

APEM LIVE

9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी